# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 14 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 348

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दस साल के बेटे का घोंटा गला, डेढ़ साल की बेटी को दिया जहर, मां ने की खुदकुशी

**सागर (आरएनएस)।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में महिला ने अपने 10 वर्षीय बेटे का गला घोंट दिया और डेढ़ साल बेटी को जहर दे कर खुद फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही तीनों को इलाज के लिए ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला और उसके बेटे की मृत्यु हो गई, वहीं 1.5 वर्षीय बच्ची अभी गंभीर हालत में सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में इलाजरत है। उधर मृतिका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है । रीना पटेल की दूसरी शादी हुई थी। पहले पति की मौत हों गई थी। गढ़ाकोटा के राम वार्ड में रहने वाली रीना पति देवी पटेल उम्र 32 साल ने बीती रात अपने 10 साल के बेटे पुत्र नीरज पटेल का बेरहमी से गला घोंट दिया और 1.5 साल की बेटी परी पटेल को जहर देकर खुद भी फांसी लगा ली। आज सुबह परिजनों ने खिडक़ी में झांककर देखा तो रीना फांसी पर लटकी थी तो परिजनों ने दरवाजे को फाडक़र पुत्र नीरज एवं रीना की लाश बाहर निकाली एवं अचेत पड़ी परी उम्र डेढ़ वर्ष को तत्काल बीएमसी को भेजा गया जहा पर उसकी हालात में सुधार है।।तीनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां महिला और उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं बच्ची को गंभीर हालत में सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। फिलहाल आत्महत्या करने के कारण की कोई पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद मां और बेटे का एक साथ ही पोस्टमार्टम किया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र ने मातम का माहौल है।

### चोर ने भगवान से मांगी माफी, फिर चुरा ले गए शिवलिंग का तांबे का नाग

**छपरा (आरएनएस)।** शहर के दौलतगंज रतनपुरा मोहल्ले में स्थित ऐतिहासिक बाबा बटुकेश्वर नाथ मंदिर से भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर स्थापित तांबे के नाग की चोरी की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। यह घटना अजीबोगरीब इसलिए मानी जा रही है क्योंकि चोर ने मंदिर में प्रवेश कर पहले शिवलिंग की पूजा की, हाथ जोडक़र भगवान से माफी मांगी, और फिर नाग को कपड़े में लपेट कर फरार हो गया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें चोर का पूरा कृत्य साफ तौर पर देखा जा सकता है। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है, और वे इस पवित्र स्थल से हुई चोरी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी ने चोरी की जानकारी मिलने पर तत्काल भगवान बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### वेस्ट यूपी में 48 घंटे से बारिश, गंगा नदी उफान पर, कालागढ़ में वन्यजीव आबादी में उतरे

**मेरठ (आरएनएस)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछले चार दिनों से लगातार पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश से गंगा नदी एक बार फिर उफान पर आ गई है। हस्तिनापुर में गंगा का जल स्तर बढऩे से खादर क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग भयभीत हो रहे हैं। वही गांव के संपर्क मार्गो पर आवागमन में भी ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लगातार बारिश होने के बाद से कालागढ़ में वन्य जीव आबादी में पहुंचने लगे हैं। पिछले करीब एक महीने से गंगा नदी का जल स्तर कम होने से वह शांत स्वभाव में चल रही थी। ग्रामीणों को भी बाढ़ का खतरा नहीं था और उम्मीद जताई जा रही थी कि खेतों में खड़ी बंपर फसल का अच्छा उत्पादन होगा लेकिन पिछले चार दिनों से अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण मानसूनी बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। इसके बाद शुरू हुई बारिश अब रुकने का नाम नहीं ले रही है। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। उधर हरिद्वार से गंगा के जल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। बिजनौर बैराज पर तैनात अवर अभियंता पीयूष कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे बिजनौर बैराज से गंगा का जलस्तर 73 हजार क्यूसेक पर पहुंच गया। वहीं हरिद्वार से बढक़र एक लाख 28 हजार क्यूसेक चल रहा है जो शाम तक बिजनौर बैराज पर पहुंच जाएगा। उधर लगातार बारिश पडऩे से सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने गंगा के जल स्तर में और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। गंगा के जल स्तर में वृद्धि होने से खादर क्षेत्र के लोग भी भयभीत हो गए हैं।

# महाराष्ट्र : केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट में तीन प्रवासी मजदूरों की मौत

**रायगढ़ । आरएनएस**



महाराष्ट्र के रायगढ़ में रोहा कस्बा स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई। हादसे में उत्तर प्रदेश और बिहार के कम से कम तीन मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

रोहा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 11.15 बजे साधना नाइट्रोकेम नामक कंपनी में धमाका हो गया। कंपनी में हीट रेजिस्टेंट कागज बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ओडीबी-2 रसायन बनाने का काम होता है। उस समय, परिसर में कम से कम 10 कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें से छह धातव गांव में प्लॉट नंबर 47 पर एमआईडीसी परिसर में एक विशाल मेथनॉल भंडारण टैंक पर वेल्डिंग कार्य में लगे हुए थे।

अचानक, टैंक में जोर का धमाका हुआ, जो आसपास के इलाकों में कई सौ मीटर तक सुना गया। धमाके में फैक्ट्री परिसर, दीवारें और अन्य चीजें क्षतिग्रस्त हो गईं।

धमाका सुनकर कई लोग घबरा गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। मजदूरों के कुछ रिश्तेदार फैक्ट्री परिसर के बाहर इक_ा हो गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, वहां ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी भी भीषण विस्फोट के कारण कई मीटर दूर उछल गए। स्थानीय लोगों ने मदद के लिए रोहा पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

बड़े पैमाने पर बचाव और राहत अभियान चलाया गया। राहत एवं बचाव दल ने तीन श्रमिकों के शव बरामद किये, और गंभीर रूप से घायल तीन अन्य लोगों को मलबे से निकाला।

मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बभनौली निवासी दिनेशकुमार खरबत राम (25) और प्रयागराज निवासी संजीत कुमार (20), तथा बिहार के तारापुर निवासी बुस्की यादव के रूप में हुई है।

घायलों में जहानाबाद निवासी सत्येंद्रकुमार विजय साहू (19) वेल्डर 10 प्रतिशत जल गए हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। रोहा निवासी नीलेश काशीनाथ भगत (38) 20 प्रतिशत जल गए हैं और उनके हाथ-पैर टूट गए हैं। बिहार के मधुबनी निवासी अनिल हरदीश मिश्रा (44) 60 प्रतिशत जल गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि भगत और मिश्रा को विशेष उपचार के लिए नवी मुंबई के खारघर में एरोली बर्न्स सेंटर ले जाया गया है।

मृतकों के शवों को उप-जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

# पड़ोसी ने एक ही परिवार के चार लोगों को कुल्हाड़ी से काटा, जादू टोने के शक में उतारा मौत के घाट



**छत्तीसगढ़ । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। जहां जादू टोने के शक में पड़ोसी ने एक परिवार के चार लोगों पर कल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया। मरने वालों में दो बहनें, एक भाई और एक बच्चा है।

इस घटना पर कसडोल पुलिस ने तीन संदेहियों रामनाथ पाटले, उनके पुत्र दीपक व दिल कुमार को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने 45 वर्षीय भाई चेतराम केवट, यशोदा बाई, जमुना व उसके 11 माह के बच्चे को कुल्हाड़ी से वार करके मौत के घाट उतार डाला। बताया गया कि रामनाथ पाटले की बेटी की एक माह से तबीयत खराब है। इस पर आरोप लगाया गया कि केवट परिवार ने कुछ जादू टोना कर रखा है।

इसके बाद संदेहियों ने कुल्हाड़ी से जघन्य हत्याकांड को अंजाम दे दिया। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्याकांड की घटना के बाद स्थिति को काबू में बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अतीक की 7 करोड़ की जमीन हुई कुर्क

**❑ घर के नौकर के नाम अतीक ने कराई थी रजिस्ट्री**

**प्रयागराज । आरएनएस**



माफिया अतीक एवं अशरफ की बेनामी संपत्तियों को कुर्क करने का सिलसिला जारी है। प्रयागराज पुलिस अब माफिया की सात करोड़ की जमीन कुर्क करने पहुंची। नैनी में स्थित यह जमीन माफिया अतीक ने अपने करीबी के घर सफाई का काम करने वाले शख्स के नाम बैनामा करा रखा था। जमीन का पता लगाने के बाद लंबी पूछताछ, दस्तावेजों की जांच के बाद अब इस बेशकीमती जमीन को कुर्क किया जा रहा है। एसीपी वरुण कुमार के नेतृत्व में तीन थानों की फोर्स माफिया की जमीन कुर्क करने पहुंची है। पुलिस जमीन कुर्क करने की दस्तावेजी कार्रवाई के बाद वहां बोर्ड लगा देगी। इसके लिए वहां रहने वाले गवाहों को भी बुलाया गया है।

ज्ञात हो कि अप्रैल महीने में नवाबगंज के करोली के रहने वाले श्यामजी सरोज से पूछताछ हुई थी। तब उसने पुलिस को यह अहम जानकारी दी थी। बताया था कि अतीक-अशरफ ने उसके नाम पर बेनामी संपत्तियां बनाईं। यह भी बताया कि अतरसुइया के रहने वाले दो सगे भाई जावेद व कामरान के घर में वह साफ सफाई का काम करता है। दोनों भाई अतीक के करीबी रहे हैं। माफिया की बेनामी संपत्ति बनाने में दोनों ने उसका इस्तेमाल किया। अतीक ने श्यामजी के नाम पर जमीन का बैनामा 2021 में करा दिया था।

माफिया अतीक के खेल अजीब थे। घर के नौकर, माली, दूसरों के घरों में काम करने वालों के नाम अतीक करोड़ों की जमीन का बैनामा कराके रख लेता था।

# चंडीगढ़ विस्फोट मामला : मुख्य आरोपी पंजाब में गिरफ्तार, गोला-बारूद बरामद

**चंडीगढ़ । आरएनएस**



पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में हुए ग्रेनेड विस्फोट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह विस्फोट एक घर में हुआ था।

बुधवार को एक घर में विस्फोट हुआ था। चंडीगढ़ पुलिस ने गुरुवार को दो संदिग्धों की गिरफ्तारी की सूचना देने वाले को दो लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी।

पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में ग्रेनेड विस्फोट मामले के मुख्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अमृतसर ग्रामीण निवासी रोहन मसीह की गिरफ्तारी और अन्य आरोपियों की पहचान के साथ मामला सुलझ गया है। उसके पास से 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच चंडीगढ़ पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आरोपी स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल अमृतसर की हिरासत में है। रोहन ने 11 सितंबर को हुए ग्रेनेड ब्लास्ट में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली है।

घर के मालिक ने दावा किया कि ऑटो रिक्शा में सवार दो लोगों ने ग्रेनेड से हमला किया था। विस्फोट से घर की खिड़कियों के शीशे टूट गए, हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार, जिस घर पर हमला हुआ वहां, पंजाब पुलिस का एक सेवानिवृत्त अधिकारी रहता है। पुलिस को संदेह है कि वह निशाने पर था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कनवर दीप कौर ने विस्फोट के बाद मीडिया को बताया था, बहुत तेज आवाज सुनाई दी। कुछ दबाव वाला कम तीव्रता वाला धमाका हुआ, जिससे कुछ खिड़कियां और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

इस दौरान शिकायतकर्ता घर के बरामदे में बैठे थे। उन्होंने संदिग्धों को देखा था।

बम निरोधक दस्ते और केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीआईएसएफ) की टीमों ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए। रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट से लगभग 5-8 इंच गहरा गड्ढा बन गया था।

# चीन के साथ सैनिकों की वापसी से संबंधित 75 फीसदी मुद्दे सुलझे', सीमा वार्ता के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली । आरएनएस**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन के साथ हुई सीमा वार्ता पर बड़ा बयान दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि बीजिंग के साथ खासतौर से सैनिकों की वापसी से संबंधित तकरीबन 75 फीसदी समस्याएं सुलझ गई हैं, हालांकि, दोनों देशों को अभी भी कुछ काम करने हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे बीच अतीत में आसान संबंध नहीं रहे हैं। 2020 में जो हुआ वह कई समझौतों का उल्लंघन था, चीन ने बड़ी संख्या में सैनिकों को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भेज दिया। हमने, जवाब में, अपने सैनिकों को ऊपर भेज दिया। चीन के साथ सीमा वार्ता में कुछ प्रगति हुई है।

जयशंकर ने गुरुवार को जिनेवा सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी में राजदूत जीन-डेविड लेविटे के साथ अपनी बातचीत के दौरान कहा कि पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है।

उन्होंने आगे कहा, अगर सैनिकों की वापसी का कोई समाधान है और शांति तथा स्थिरता की वापसी होती है, तो हम अन्य संभावनाओं पर विचार कर सकते हैं। यह सबसे अहम मुद्दा है। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच अतीत में मुश्किल रिश्ते रहे हैं। उन्होंने 2020 के बारे में भी बात की जब भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गलवान घाटी में झड़प हुई थी। जयशंकर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों ने भारत-चीन संबंधों को प्रभावित किया है, उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पर हिंसा होने के बाद यह नहीं कहा जा सकता कि बाकी संबंध इससे अछूते हैं।

उन्होंने कहा कि चीन के साथ आर्थिक संबंध अनफेयर और असंतुलित रहे हैं। इतिहास में उनका बुरा दौर भी रहा है। दोनों संबंधों को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं और एक तरह से कायाकल्प कर रहे हैं। दोनों एकमात्र ऐसे देश हैं जिनकी आबादी एक अरब से अधिक है। आम तौर पर ऐसा होता है कि जब कोई देश आगे बढ़ता है तो उसका पड़ोस पर असर पड़ता है। इन दोनों देशों को एक-दूसरे का पड़ोसी होने का भी सम्मान प्राप्त है।

बता दें कि भारत और चीन ने 29 अगस्त को बीजिंग में की 31वीं बैठक की थी और दोनों पक्षों ने प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल के अनुसार सीमा क्षेत्रों में जमीन पर शांति और शांति बनाए रखने का निर्णय लिया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने एलएसी की स्थिति पर स्पष्ट, रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों का आदान-प्रदान किया और राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संपर्क बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की।

# दिल्ली शराब नीति मामला : सीएम अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत, 156 दिन बाद जेल से होगी रिहाई

**नई दिल्ली । आरएनएस**

दिल्ली शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस भुइंया दोनों ने केजरीवाल को जमानत दी। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई के केस में उन्हें ये जमानत दी है। केजरीवाल को 10 लाख के बॉन्ड पर जमानत मिली है। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की थीं। पहली जमानत याचिका और दूसरी सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी गई थी।

ईडी के केस में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है जबकि यह मामला सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और रेगुलर बेल से जुड़ा था। ईडी मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। वहीं, अब सीबीआई केस में भी सर्वोच्च न्यायालय से केजरीवाल को जमानत दे दी है। ईडी केस में अंतरिम जमानत मिलने के बाद सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट 5 सितंबर को केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला 5 सितंबर को सुरक्षित रखा था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार गिरफ्तार किया। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए आम चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी।

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की एक जून तक की रिहाई मंजूर की थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था। आज यानी 13 सितंबर को केजरीवाल की रिहाई होती है तो कुल जेल गए 177 दिन हो जाएंगे। अगर 21 दिन की रिहाई को कम कर दिया जाए तो केजरीवाल कुल 156 दिन जेल में रहे।

# बंधक बनाकर बीए की छात्रा से दरिंदगी, सड़क पर छोड़कर भागे वहशी, 6 गिरफ्तार

**❑ धमका कर गेस्ट हाउस, गैराज में अलग अलग करते रहे दुष्कर्म**

**❑ कैंट थाने में 09 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**❑ 16 अगस्त की घटना, 02 सितम्बर को लिखाई एफआईआर**

**अयोध्या । आरएनएस**



रामनगरी अयोध्या में एक और गैंग रेप का मामला प्रकाश में आया है। दरिंदों की लगातार धमकी से डरी छात्रा पहले चुप रही लेकिन बाद में 07 नामजद तथा 02 अज्ञात के खिलाफ कैंट थाने में तहरीर दी है। गैंगरेप की सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक एक आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण का प्रार्थना पत्र दिया है।

पिछले कुछ महीनों से अयोध्या में दरिंदगी की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। भदरसा, मगलसी, सत्तीचौरा, खंडासा की घटनाओं पर पुलिसिया कार्रवाई चल ही रही है कि एक और मामला फैज़ाबाद शहर से सामने आया है। जहां बीए की छात्रा से गैंगरेप की घटना हुई है। कैंट पुलिस ने 07 नामजद और 02 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित युवती अयोध्या में एक कॉलेज से बीए कर रही है साथ ही रामजन्मभूमि में सफाई कर्मी है। कैंट पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि पहले 03 लडक़ों ने उसे किडनैप कर लिया था। फिर दरिंदगी की। किडनैप करने के बाद अलग-अलग स्थानों पर लेकर गए थे। जब जोर जबरदस्ती का विरोध करती तो आरोपियों ने मारना पीटना शुरू कर दिया। बाद में सडक़ पर छोडक़र भाग गए। जाते जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। करीब 20 वर्षीय पीड़ित युवती ने बताया कि वह राम जन्मभूमि परिसर में सफाई का काम भी करती है।

पीड़िता का कहना है कि घटना 16 अगस्त की है। 2 सितंबर को 9 आरोपियों की खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई है। जिसके बाद गुरुवार देर रात तक पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी ने आज यानी शुक्रवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता का कहना है कि एक आरोपी सहादतगंज में रहने वाले वंश चौधरी को 4 साल से जानती थी। 6 अगस्त को वंश ने सोहावल से मुझे अपनी गाड़ी में बैठाया और जिला अस्पताल पर छोड़ दिया। फिर 16 अगस्त को वंश, शारिक और विनय ने मुझे घूमने चलने के लिए कहा। मैं वंश को पहले से जानती थी, इसलिए साथ चली गई थी।

गैंगरेप पीड़िता के मुताबिक हम लोग अंगूरीबाग के गोकुल गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां वंश चौधरी, शारिक और विनय ने मेरे साथ रेप किया। विरोध करने पर उन्होंने मुझे धमकाया। कहा- अगर किसी को बताया तो जान से मार देंगे। मैं डर गई। घर पहुंची तो वंश का फिर से फोन आया। उसने धमकाते हुए मिलने के लिए बुलाया। मैं डरकर चली गई। वह लोग गैराज बनवीरपुर लेकर गए। वहां पर वंश ने मेरे साथ रेप किया। विनय और शिवा ने मेरे साथ छेड़ख़ानी की। इतना ही नहीं कार में भी छेड़छाड़ करते रहे। पीड़िता के मुताबिक इसके बाद वंश चौधरी और शिवा मुझे विनय के घर ले गए। विनय के साथ मुझे छोड़ दिया। विनय ने मुझे बंधक बना लिया। 18 अगस्त को सुबह 11 बजे मुझे देवकाली बाईपास पर छोड़ दिया। मैं डरी थी। 2-3 दिन बाद सफाई के काम पर लौट आई।

कैंट पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित युवती ने कहा है कि इसके बाद इन लोगों ने मुझे बंधक बना लिया। 3 दिनों (22, 23 और 24 अगस्त) तक मुझे बंधक बनाकर रखा। इस दौरान आरोपियों ने मेरे साथ दरिंदगी की। 25 अगस्त की सुबह 4 बजे उदित, वंश चौधरी और विनय मुझे कार से राम जन्मभूमि ले जाने लगे। आरोपियों ने रास्ते में मेरे साथ छेड़ख़ानी की। इस दौरान महोबरा चौराहा पर कार डिवाइडर से टकरा गई। मुझे सिर और पैर में चोट लग गई। फिर उन लोगों ने मुझे नाका पर छोड़ दिया। इस बाबत पूछे जाने पर कैंट थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि रौनाही क्षेत्र निवासी पीड़ित लडक़ी की तहरीर पर 7 नामजद और 2 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की गई है। वंश, शारिक और चार अन्य आरोपी गिरफ्तार किए हैं। सातवें आरोपी विनय ने आज शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर करने की एप्लिकेशन दी है। दो अज्ञात की पहचान कराई जा रही है। मुख्य आरोपी वंश चौधरी सहादतगंज का रहने वाला है।